हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 12 जून 2026

तापमान
अधिकतम 45.4 डिग्री से.
न्यूनतम 21.4 डिग्री से.

12 जाली नियुक्ति पत्र बांटकर 60 लाख की ठगी करने ..



12 राजकीय स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के ...



## खबर संक्षेप

### इग्नू में पीएचडी प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2026 सत्र के लिए 36 विषयों में पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन प्रक्रिया 10 जून 2026 से शुरू हो चुकी है और अभ्यर्थी 1 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन, भौतिकी, गणित, हिंदी, अंग्रेजी, कंप्यूटर विज्ञान, शिक्षा, पर्यावरण विज्ञान, प्रबंधन, वाणिज्य तथा पत्रकारिता सहित कई विषयों में पीएचडी संचालित करता है। यूजीसी-नेट जेआरएफ, यूजीसी-नेट, पीएचडी पात्रता तथा प्रवेश परीक्षा के आधार पर आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन शुल्क 2000 रुपये है।

### बिजनेस एंड इकोनॉमिक्स एनालिटिक्स में प्रवेश शुरू

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुवि के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीए (बिजनेस एंड इकोनॉमिक्स एनालिटिक्स) (3 वर्षीय) अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. दारा सिंह ने बताया कि यह रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम विद्यार्थियों को अर्थशास्त्र, व्यवसाय प्रबंधन, डेटा विश्लेषण तथा उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। एईडीपी मॉडल के अंतर्गत विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ उद्योगों में व्यावहारिक प्रशिक्षण और कायानुर्भव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में कुल 40 सीटें निर्धारित की गई हैं, जबकि विभिन्न श्रेणियों के लिए 19 सुपरन्यूमैरेरी सीटों का भी प्रावधान किया गया है।

### घरेलू नौकरानी पर चोरी का आरोप

**यमुनानगर।** शहर की अग्रसेन कॉलोनी निवासी सतेन्द्र ने अपनी घरेलू नौकरानी ईशु पर नकदी और आभूषण चोरी करने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, ईशु पिछले आठ माह से उनके घर में काम कर रही थी। कुछ दिन पहले वह एक जोड़ी पायल, चांदी का कड़ा, सोने की अंगूठी और करीब 20 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गई। सामान गायब होने पर सतेन्द्र ने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आरोपी महिला की तलाश की जा रही है।

### बुजुर्ग महिला से बाली छीनी, आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने बुजुर्ग महिला से छीनाझपटी करने के आरोपी अमित उर्फ मौली को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 8 जून को थानेसर के शीला नगर में एक बुजुर्ग महिला से पता पूछने के बहाने बातचीत की और मौका पाकर उनके कान की बाली छीनकर फरार हो गया। शिकायत मिलने पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज कर अपराध अन्वेषण शाखा-2 ने जांच शुरू की। पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छीनी गई बाली और वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद कर ली। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### दूषित पानी पीने से 12 भैंसों की दर्दनाक मौत

**अंबाला।** जमीतगढ़ गांव के समीप नए हाइवे पर बनी पुलिया में जमा दूषित पानी पीने से 12 से अधिक भैंसों की मौत हो गई। पशुपालकों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। विभाग के मुताबिक, चरवाहे अपनी भैंसों को चराने के बाद प्यास बुझाने के लिए पुलिया के नीचे जमा पानी में ले गए थे। पानी पीते ही भैंसें अचानक तड़पने लगीं और देखते ही देखते उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि पानी में किसी ने केमिकल या जहर मिलाया है।

---

# अवैध कॉलोनी में प्लॉट रजिस्ट्री मामले में निगम के म्युनिसिपल इंजी. पर केस दर्ज

**जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में उठा था रजिस्ट्री का मुद्दा**

- फर्जी आईडी और ओटीपी के जरिए रजिस्ट्री कराने का आरोप
- मंत्री के निर्देश के बाद शुरू हुई कानूनी कार्रवाई और जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अनियमित कालोनी में अवैध रुप से प्लाट की रजिस्ट्री करवाने के मामले में पुलिस ने नगर निगम के एक एमई के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने नगर निगम के असिस्टेंट टाउन प्लानर(एटीपी) की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक गत 29 मई को लघु सचिवालय में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित हुई थी।

बैठक में बुजुर्ग महेंद्र तनेजा ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के मंत्री के समक्ष अपनी शिकायत रखते हुए बताया था कि उनके पास 773 वर्ग गज का एक प्लॉट है। जिसमें चार भाइयों की हिस्सेदारी है। यह जमीन एक अवैध कॉलोनी में स्थित है। महेंद्र तनेजा ने बताया कि इसी प्लॉट में से करीब 200 वर्ग गज जमीन की पहले रजिस्ट्री हो चुकी है और उसके दस्तावेज भी मौजूद हैं। लेकिन जब वे अपने हिस्से की जमीन बेचने के लिए गए तो उन्हें बताया गया कि कॉलोनी अवैध है। इसलिए रजिस्ट्री नहीं हो सकती। इस दौरान शिकायतकर्ता ने बैठक में सवाल उठाया कि यदि उसी जमीन के हिस्से से पहले एक प्लॉट की रजिस्ट्री हो चुकी है तो फिर बाकी हिस्से को अवैध बताकर रजिस्ट्री से कैसे रोका जा सकता है। इस पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंत्री ने अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी मांगी।

बैठक के दौरान एडीसी ने मंत्री को बताया था कि नगर निगम के एक एमई ने कथित रूप से गलत आईडी तैयार की और रविवार की छुट्टी के दिन सिस्टम का दुरुपयोग करते हुए ओटीपी प्राप्त कर लिया। इसके बाद अवैध कॉलोनी के एक प्लॉट को रिकॉर्ड में वैध दर्शाकर उसकी रजिस्ट्री करवा दी गई। यह खुलासा होते ही मंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई थी। मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि केवल कर्मचारी का तबादला कर देना कार्रवाई नहीं माना जा सकता। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि संबंधित कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मंत्री के निर्देशों के बाद मामले की जांच की गई और इसके बाद गत शाम पुलिस ने एमई के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक पर फायरिंग

**कुरुक्षेत्र।** इस्माईलाबाद क्षेत्र में बुधवार रात्रि पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। पिहोवा से काम कर घर लौट रहे युवक को पीठ में गोली मारी गई, जो रीढ़ की हड्डी तक जा धंसी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया है। घायल युवक की पहचान गांव खेड़ी शहीदां निवासी गुलशन कुमार के रूप में हुई है। गुलशन मिट्टी का डंपर चलाने का काम करता है। बुधवार शाम जब वह पिहोवा से अपना काम खत्म करके वापस अपने घर लौट रहा था, तभी इस्माइलाबाद क्षेत्र में घात लगाए बैठे हमलावर ने उस पर गोलियां बरसा दीं। गोली गुलशन की कमर में लगी और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। वारदात की वजह पुरानी आपसी रंजिश बताई जा रही है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी पिहोवा रणधीर सिंह ने बताया कि पुलिस को युवक पर फायरिंग होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद तुरंत कार्रवाई अमल में लाई गई है।

---

# पानीपत में तीन लोगों को स्कॉर्पियो से कुचलकर मार डाला

## दुर्घटना दिखाने की कोशिश, माइनिंग केस में फंसाने के शक में वारदात

- गांव डिकाडला में बुधवार देर रात हुई वारदात
- नौ नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव डिकाडला से आट्टा जाने वाली सड़क पर बुधवार की देर शाम, स्कार्पियो ने तीन लोगों को टक्कर मार दी, हादसे में नरेंद्र, विनोद और अनिप निवासी गांव डिकाडला जिला पानीपत की मौत हो गई थी। इधर, वीरवार की सुबह नरेंद्र के भाई वीरेंद्र का आरोप है कि नरेंद्र, अनिप और विनोद की रंजिशन स्कॉर्पियो से जानबूझकर टक्कर मार कर हत्या की गई है।



विनोद | नरेंद्र | अनिप

### आरोपियों को नरेंद्र पर शक था कि उसने ही वाहन पकड़वाए

इधर, थाना समालखा पुलिस ने एफएसएल की टीम के साथ घटनास्थल की गहन जांच की। दूसरी ओर, वीरेंद्र की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने मनीष, नवीन, संदीप, रविंद्र, तुषार, सचिन, नीरज, राजवीर और सूरज के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया। वही, मृतकों के परिजनों का आरोप है हत्यारोपी, अवैध खनन का कार्य करते हैं। गत दिनों अवैध खनन करने के दौरान इनके वाहन पकड़े गए थे, आरोपियों को नरेंद्र पर शक था कि उसने ही उनके वाहन पकड़वाए हैं।इसी रंजिश के चलते ही नरेंद्र अनिप और विनोद की हत्या की गई है।



**पानीपत।** मौके पर जांच करती पुलिस टीम । फोटोः हरिभूमि

### पुलिस की 3 टीमें धरपकड़ में लगी

> परिजनों ने इसे साजिश बताते हुए गांव के ही कुछ लोगों पर रंजिश के चलते हत्या के आरोप लगाए हैं। वहीं, इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित कर दी हैं।
>
> -**नरेंद्र कादियान**, डीएसपी समालखा

---

बराड़ाः अमनदीप कौर हत्या मामले में आया नया मोड़

# शव ठिकाने लगाने और सबूत मिटाने में सहयोग करने पर पिता भी गिरफ्तार

- प्रेम प्रसंग में हत्या कर जंगल में शव जलाने की बात आई सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बहुचर्चित अमनदीप कौर हत्याकांड में पुलिस जांच के दौरान एक और बड़ा खुलासा हुआ है। मुख्य आरोपी संदीप कुमार की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस ने उसके पिता जोगिंद्र कुमार को भी मामले में गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि जोगिंद्र ने हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने और सबूत मिटाने में बेटे का पूरा साथ दिया। अदालत में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। बता दें कि क्षेत्र की रहने वाली अमनदीप कौर 21 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पुलिस को युवती के संपर्क में रहने वाले संदीप कुमार पर शक हुआ। तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल लोकेशन और पूछताछ के आधार पर पुलिस लगातार मामले की कड़ियां जोड़ती रही। इसी बीच 23 मई को हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब क्षेत्र के जंगलों में एक युवती का अधजला शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। शव की हालत बेहद खराब होने के कारण पहचान करना मुश्किल था। बाद में हरियाणा और हिमाचल पुलिस के बीच साझा जांच और जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि अधजला शव अमनदीप कौर का ही था। जांच आगे बढ़ी तो पुलिस ने 30 मई को मुख्य आरोपी संदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में कई खुलासे किए। निशानदेही पर पुलिस ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य भी बरामद किए। जांच में सामने आया कि प्रेम संबंधों के चलते अमनदीप को कथित रूप से जहर देकर मौत के घाट उतारा गया था। शव को कार से पांवटा साहिब के जंगलों में आग लगा दी गई।

### सीसीटीवी फुटेज ने खोला राज



अमनदीप कौर

मामले में नया मोड़ तब आया जब पुलिस ने घटनाक्रम से जुड़े सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में संदीप कुमार के साथ एक अन्य व्यक्ति भी गाड़ी में दिखाई दिया। पुलिस ने जब फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का मिलान किया तो पता चला कि शव को हिमाचल ले जाने और वापस लौटने के दौरान संदीप के साथ उसका पिता जोगिंद्र कुमार भी मौजूद था। इसके बाद पुलिस ने संदीप को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर दोबारा पूछताछ की। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि शव को ठिकाने लगाने और जलाने की कार्रवाई में उसके पिता ने उसका सहयोग किया था। इसी आधार पर पुलिस ने जोगिंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

---

### रोमानिया नौकरी के नाम पर ठगी, युवकों को भेजा रूस

**यमुनानगर।** रोमानिया में नौकरी दिलाने के नाम पर दो युवकों से करीब नौ लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि पांच लोगों ने पहले उन्हें रोमानिया भेजने का झांसा दिया, लेकिन बाद में उन्हें रूस भेज दिया गया। वहां पहुंचने पर न तो कोई नौकरी मिली और न ही वर्क वीजा की व्यवस्था की गई। गांव जामपुर निवासी जसविंद्र और अंबली निवासी विशाल ने बताया कि उनसे विभिन्न किस्तों में पैसे लिए गए और ई-वीजा को वर्क वीजा में बदलने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन रूस पहुंचने के बाद दोनों युवकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एक युवक किसी तरह भारत लौट आया, जबकि दूसरा अभी भी रूस में फंसा हुआ है। पुलिस ने आरोपी मलकीत, ऋषिपाल, सुशील कुमार, देवीलाल और मनीष के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# पंचकूला की टीम ने तरावड़ी सीएचसी अस्पताल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- सफाई, दवाइयों, उपकरणों और स्टाफ की उपस्थिति की हुई जांच
- लेबर रूम अपग्रेड, ईसीजी मशीन और लैंडलाइन सुविधा हुई सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पंचकूला मुख्यालय से स्वास्थ्य विभाग की सार्थक टीम अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंची। टीम ने अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, चिकित्सकीय उपकरणों तथा दवाइयों की उपलब्धता की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान टीम ने लेबर रूम, वार्ड, ऑपरेशन थिएटर सहित विभिन्न विभागों का दौरा किया और नर्सिंग स्टाफ की कार्यप्रणाली का भी अवलोकन किया। टीम के मुख्य अधिकारी डॉ. चांद सिंह मदान ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित सार्थक टीम का उद्देश्य सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्तर पर जांच कर सुधार सुनिश्चित करना तथा जवाबदेही तय करना है। उन्होंने बताया कि यह टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उपकेंद्रों का नियमित दौरा कर सफाई, बिजली, उपकरण, दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टरों व स्टाफ की उपस्थिति तथा इलाज की गुणवत्ता की जांच करती है। जहां भी कमी पाई जाती है, उसकी रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाती है ताकि समय रहते सुधार किया जा सके।

डॉ. मदान ने बताया कि सार्थक टीम फरवरी माह में भी तरावड़ी स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर चुकी थी, जिसमें कुछ कमियां पाई गई थीं। इन कमियों को दूर करने के बाद आज पुनः निरीक्षण किया गया।

---

*नशे के खिलाफ आजाद नगर में पुलिस का सर्च अभियान, पुलिस की 11 टीमों ने दी दबिश*

# बिना दस्तावेज पाए जाने पर दोपहिया वाहन किए इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के आजाद नगर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन मैदान 2.0 के तहत पुलिस ने वीरवार सुबह सर्च अभियान चलाया। डीएसपी कंवलजीत सिंह के नेतृत्व में 11 टीमों ने क्षेत्र में दबिश देकर दो दर्जन से अधिक घरों की गहन तलाशी ली। इस दौरान कमरों, अलमारियों और बिस्तरों तक की जांच की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। पुलिस ने क्षेत्र में खड़े दोपहिया वाहनों की भी जांच की और बिना वैध दस्तावेज पाए जाने पर कुछ वाहनों को इंपाउंड किया। हालांकि अभियान के दौरान कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



**यमुनानगर।** आजाद नगर में नशा के खिलाफ घरों में सर्च अभियान चलाते हुए पुलिसकर्मी। फोटोः हरिभूमि

### फीस वृद्धि के विरोध में कुवि के छात्रों ने की भूख हड़ताल

**कुरुक्षेत्र।** फीस वृद्धि के विरोध में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रों ने गुरुवार को कुलपति कार्यालय के सामने भूख हड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए फीस बढ़ोतरी का फैसला तुरंत वापस लेने की मांग की। छात्र नेताओं का कहना है कि बढ़ी हुई फीस से गरीब एवं मध्यम वर्ग के विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, जिससे कई छात्रों की उच्च शिक्षा प्रभावित हो सकती है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता भारत बराड़ ने कहा कि फीस वृद्धि छात्रों के हितों के खिलाफ है और यह गरीब व मध्यम वर्ग के छात्रों के साथ अन्याय है। जब तक फीस कम करने संबंधी आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी नहीं किया जाता, तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी।

---

## अधिकतम तापमान 42 से घटकर 36 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

# बारिश-तेज हवाओं से मौसम हुआ सुहाना अगले दिनों में भी बरसात की संभावना

*किसानों ने बारिश को फसलों के लिए बताया लाभकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में वीरवार अलसुबह मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई। पिछले कई दिनों से पड़ रही झुलसा देने वाली गर्मी और उमस के बीच हुई इस बारिश से मौसम सुहावना हो गया तथा तापमान में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। सुबह करीब 6 बजे शुरू हुई बारिश के साथ तेज हवाएं चलने लगीं। आसमान में घने बादल छा गए और कुछ समय तक हुई वर्षा ने वातावरण को ठंडा कर दिया। बारिश के बाद सड़कों और बाजारों में लोगों ने राहत की सांस ली। पिछले कुछ दिनों से जिले में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच रहा था, जिससे आमजन, किसान, मजदूर और राहगीर परेशान थे। वीरवार को अधिकतम तापमान 36 व न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश के बाद तापमान में कई डिग्री की कमी आई, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत महसूस हुई। मौसम में आए बदलाव का असर शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिला। किसानों का कहना है कि बारिश से खेतों में नमी बढ़ी है, जिससे कुछ फसलों को लाभ पहुंचेगा। वहीं तेज हवाओं के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटने और बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की भी खबरें सामने आई हैं, हालांकि किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं मिली है। सुबह सैर करने निकले लोगों ने भी मौसम का आनंद लिया। बच्चों और युवाओं ने ठंडी हवाओं तथा बारिश का भरपूर आनंद उठाया। दिनभर ठंडी हवाएं चली। बाजारों में भी लोगों की आवाजाही बढ़ी और गर्मी से परेशान लोगों के चेहरों पर राहत दिखाई दी। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम में बदलाव बना रह सकता है तथा कहीं-कहीं हल्की बारिश और बादल छाए रहने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है, जिससे लोगों को फिलहाल गर्मी से राहत मिलेगी।



**कुरुक्षेत्र।** लाडवा अनाज मंडी में बारिश से भीगी मक्का की फसल। फोटोः हरिभूमि

# धान स्टॉक गड़बड़ी मामले में एएफएसओ और इंस्पेक्टर सस्पेंड

- पिहोवा की राइस मिल में 24,318 क्विंटल धान की कमी मिली
- विभागीय जांच के बाद दोनों अधिकारियों को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के पिहोवा क्षेत्र की नीमवाला स्थित चौधरी राइस मिल में धान के स्टॉक में भारी गड़बड़ी सामने आने के मामले में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने पिहोवा में तैनात एएफएसओ जसबीर सिंह और इंस्पेक्टर रिंकू जांगड़ा को सस्पेंड कर दिया है। जांच में सामने आया कि मिल में 24,318.75 क्विंटल धान कम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5.81 करोड़ रुपये बताई जा रही है।यह मामला उस समय सामने आया जब फिजिकल वेरिफिकेशन के दौरान स्टॉक में भारी कमी पाई गई। इसके बाद डीएफएससी कार्यालय के आदेश पर 17 मार्च को इंस्पेक्टर रिंकू जांगड़ा ने चौधरी राइस मिल के खिलाफ केस दर्ज कराया था। हालांकि बाद में विभागीय जांच में यह सवाल उठा कि इतनी बड़ी गड़बड़ी की जानकारी समय रहते क्यों नहीं दी गई और निगरानी व्यवस्था कैसे फेल हुई।नियमों के अनुसार, कस्टम मिलिंग के तहत दिए गए धान की 15 दिन में फिजिकल वेरिफिकेशन रिपोर्ट अनिवार्य होती है, लेकिन इस मामले में रिपोर्ट नियमित रूप से जमा नहीं की गई। जांच में लापरवाही पाए जाने पर दोनों अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया। वहीं, मामले की आगे की जांच जारी है।

## खबर संक्षेप



### जन भागीदारी से सफल होंगी विकास योजनाएं

**नीलोखेड़ी।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि जब ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं और लोगों की सहभागिता को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार करेंगी, तभी विकास का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। वे राजीव गांधी राज्य पंचायती राज एवं सामुदायिक विकास संस्थान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का विषय पंचायत विकास योजना एवं अद्यतन ई-ग्राम स्वराज पोर्टल फॉर पीपुल्स प्लान कैंपेन 2026-27 रहा।
डॉ. चौहान ने कहा कि ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पंचायतों में पारदर्शिता, जवाबदेही और डिजिटल सुशासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी और समुदाय मिलकर कार्य करें तो हर गांव आत्मनिर्भर बन सकता है।
कार्यक्रम में संस्थान की प्राचार्य डॉ. सोनिका भट्टी, बीडीपीओ मोनिका तथा विकास एवं पंचायत विभाग चंडीगढ़ से मीनू रेड्डू सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### संगठन के कार्यों की कार्यशैली पर चर्चा



**तरावड़ी।** तरावड़ी मंडल की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों तथा विभिन्न कल्याणकारी नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने की। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### 'एक प्रवेश, एक पौधा' अभियान से छात्रों को जोड़ेंगे कॉलेज

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल अस्पताल और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने की। बैठक में राजकीय महाविद्यालयों की प्रधानाचार्यों और लीगल लिटरेसी प्रभारियों के साथ पौधारोपण अभियान को लेकर चर्चा की गई। राजकीय महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. रेखा त्यागी ने बताया कि जुलाई में नए दाखिलों के दौरान 'एक प्रवेश, एक पौधा' अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत विद्यार्थियों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## एकादशी सेवा कार्य, पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में की सहभागिता

# महापौर रेणु ने नागरिकों के साथ संवाद स्थापित किया

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



- जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

नगर निगम करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने वीरवार को विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेते हुए नागरिकों के साथ संवाद स्थापित किया। जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनने से लेकर एकादशी पर शबील एवं भंडारे के आयोजन, पौधारोपण अभियान और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए आयोजित कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही।

नगर निगम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान महापौर रेणु बाला गुप्ता ने पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ नागरिकों की समस्याएं सुनीं। कई मामलों का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान किया जाए। महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल प्रशासनिक कार्य करना नहीं, बल्कि हर नागरिक की समस्या को अपनी जिम्मेदारी समझकर उसका समाधान सुनिश्चित करना है।

उन्होंने शहर की स्वच्छता, बेहतर सड़कें, जल निकासी व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने की बात कही तथा नागरिकों से शहर के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। एकादशी के पावन अवसर पर नगर निगम कार्यालय परिसर में शबील एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक जगमोहन आनंद एवं महापौर रेणु बाला गुप्ता ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर किया। बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और शीतल पेयजल का सेवन किया। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है तथा एकादशी के अवसर पर लोगों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियां समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं और नगर निगम सामाजिक सरोकारों के प्रति भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### 'चाय पर चर्चा' में किया जनसंवाद

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने पार्षद प्रतिनिधि नरेश पाल के निवास स्थान पर आयोजित 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम में भी सहभागिता की। इस दौरान स्थानीय नागरिकों, वरिष्ठजनों और समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। महापौर ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता के बीच संवाद और सहभागिता में निहित है। उन्होंने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर नागरिकों के सुझाव सुने और उन्हें विकास कार्यों में प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया। हरियाणा विधानसभा के चीफ व्हिप एवं विधायक रामकुमार कश्यप ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। "एक पेड़ मां के नाम/" अभियान के तहत मंगलपुर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने विधायक रामकुमार कश्यप तथा स्थानीय नागरिकों के साथ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### पक्षियों के लिए भी दिखाई संवेदनशीलता

नगर निगम कार्यालय की छत पर पक्षियों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था भी की गई। विधायक जगमोहन आनंद, महापौर रेणु बाला गुप्ता, वार्ड पार्षद राजेश अग्गी तथा निगम अधिकारियों ने स्वयं बर्तनों में पानी भरकर पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया।

# इंद्री के विधायक ने अधिकारियों को जल्द समाधान के दिए निर्देश

- विधायक ने जनसुनवाई कार्यक्रम में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| इंद्री



इंद्री। जनता की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप ।

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनी तथा दूरभाष के माध्यम से अधिकारियों को इन समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि उनका यही प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान हो,जिससे उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही सुविधाओं का लाभ मिल सके।

उन्होंने आमजन से अपील की कि जिस गांव में कोई समस्या हो, उसे तुरंत उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि उसका त्वरित समाधान हो सके। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि वर्तमान सरकार का यही प्रयास है कि विकास के मामले में प्रदेश का कोई भी क्षेत्र अछूता न रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के तहत हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। गोरगढ़ निवासी बलबीर ने बुढ़ापा पेंशन बारे, चन्द्राव निवासी धर्मपाल ने फैमिली आईडी बारे, बदरपुर निवासी जंगलाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान की ग्रांट बारे, डबकौली खुर्द निवासी सुजान ने परिवार पहचान पत्र में आय ठीक करवाने बारे सहित अन्य लोगों ने समस्याओं के समाधान बारे विधायक से अनुरोध किया।

# छात्राओं को एनीमिया के प्रति किया जागरूक

- केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस, शारीरिक शिक्षा विभाग एवं स्पोर्ट्स क्लब द्वारा जिला नागरिक अस्पताल के सहयोग से एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, सिविल अस्पताल करनाल की किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता दीपशिखा के एनीमिया विषय पर जागरूकता व्याख्यान से हुआ। उन्होंने छात्राओं को एनीमिया के कारणों, लक्षणों, बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी तथा आयरन युक्त संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। जिला नागरिक अस्पताल की टीम द्वारा छात्राओं की हीमोग्लोबिन जांच की गई। टीम में एएनएम कुसुमलता तथा आशा कार्यकर्ता चंदा, सीमा एवं प्रमिला शामिल रहीं। जांच के दौरान आयरन की कमी से ग्रस्त छात्राओं को आवश्यक दवाइयां एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया। प्राचार्या मीनू शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने तथा रोगों की समय रहते पहचान सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने जागरूकता, समय पर जांच एवं उचित उपचार को स्वस्थ समाज की आधारशिला बताया।

शिविर में छात्राओं के साथ-साथ शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# कृषि अवशेष बनेंगे किसानों की आमदनी का जरिया

- एग्री वेस्ट-टू-एनर्जी परियोजनाएं खोल रही हैं नए अवसर

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

खेतों में बचने वाले कृषि अवशेष, जिन्हें लंबे समय तक किसानों के लिए बोझ माना जाता रहा, अब आय के नए साधन के रूप में उभर रहे हैं। धान की पराली, सरसों के डंठल और कपास के तनों जैसे कृषि अपशिष्ट का उपयोग ऊर्जा उत्पादन में होने लगा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

एसएईएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपनी सब्सिडरी वीसीए पावर प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से राजस्थान के भद्रा में 14.9 मेगावॉट क्षमता वाले एग्री वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट का संचालन शुरू किया है।ऐसे संयंत्र कृषि अवशेषों को जलाने की बजाय उनका वैज्ञानिक तरीके से उपयोग कर बिजली उत्पादन करते हैं। यदि इस मॉडल का व्यापक स्तर पर विस्तार किया जाए तो पराली जलाने की घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। एसएईएल इंडस्ट्रीज के सीईओ एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर लक्षित अवला ने कहा कि राजस्थान में प्रगतिशील नीतियों, कृषि अवशेषों की उपलब्धता और स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ती मांग के कारण इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

# शिक्षा मंत्री के पुतले की शवयात्रा निकालेंगी मिड डे मील वर्कर्स

- सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल




मिड डे मील वर्कर्स यूनियन ने सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने की घोषणा करते हुए 18 जून को प्रदेशभर में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकालने का निर्णय लिया है। इसके बाद चार अगस्त को मुख्यमंत्री के गृह नगर कुरुक्षेत्र में प्रदेश की मिड डे मील वर्कर्स हड़ताल कर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करते हुए पड़ाव डालेंगी, जबकि 10 अगस्त को जेल भरो आंदोलन आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय मिड डे मील वर्कर्स यूनियन के राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में लिया गया, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से सैकड़ों प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन को यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष राजरानी, महासचिव जयभगवान तथा सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष ओपी माटा ने संबोधित किया।उन्होंने बताया कि मई 2022 में वर्कर्स के लिए सात हजार रुपये मानदेय निर्धारित किया गया था।

## पिछले 12 सालों में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा जिला

# करोड़ों की योजनाओं ने दी करनाल को नई पहचान

- एलिवेटेड फ्लाईओवर से लेकर कैनाल डेवलपमेंट फ्रंट तक मिले

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल




हरियाणा के अन्य जिलों की तरह करनाल ने भी पिछले 12 वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। विशेष रूप से स्मार्ट सिटी की करोड़ों रुपये की परियोजनाओं ने शहर की तस्वीर बदलने का काम किया है। मजबूत बुनियादी ढांचे और सामाजिक सुविधाओं के विस्तार ने नागरिकों के जीवन को अधिक सरल और सुविधाजनक बनाया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्थित करनाल हरियाणा के प्राचीन शहरों में से एक है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसकी स्थापना महाभारत के महान योद्धा और दानवीर राजा कर्ण ने की थी। धान उत्पादन के लिए प्रसिद्ध करनाल को देश के प्रमुख कृषि जिलों में भी गिना जाता है।23 जून 2017 को करनाल का चयन स्मार्ट सिटी मिशन के तहत देश के 100 स्मार्ट शहरों में किया गया था। इस मिशन का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण जीवन उपलब्ध कराना, स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना और आधुनिक तकनीक के माध्यम से शहरी सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाना है।

करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड (केएससीएल) द्वारा करीब 930 करोड़ रुपये की 122 परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें से कई परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं जबकि कुछ पर कार्य जारी है। इन योजनाओं पर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा समान रूप से राशि व्यय की जा रही है। राज्य सरकार ने केएससीएल की समय-सीमा बढ़ाकर 31 मार्च 2027 तक कर दी है। शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए 128.77 करोड़ रुपये की लागत से एलिवेटेड फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य 15 जनवरी 2025 को शुरू हुआ था और इसे इस वर्ष 31 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है।यह फ्लाईओवर दो खंडों में तैयार किया जा रहा है। पहला खंड रेलवे रोड विक्रम मार्ग से हरियाणा नर्सिंग होम तक 2.38 किलोमीटर लंबा होगा, जबकि दूसरा खंड वाल्मीकि चौक से अंबेडकर चौक तक 980 मीटर लंबा होगा। दोनों खंडों में कुल 85 स्तंभ बनाए जा रहे हैं।

### शक्ति कॉलोनी में बन रहे बहुउद्देश्यीय परिसर

शक्ति कॉलोनी में 106.97 करोड़ रुपये की लागत से मिश्रित उपयोग विकास परियोजना के तहत वाणिज्यिक ब्लॉक-ए एवं बी, महिला आश्रम, नारी निकेतन, ऑब्जर्वेशन सेंटर तथा कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना का कार्य 4 अगस्त 2022 को शुरू हुआ था और इसके 31 अगस्त तक पूरा होने की संभावना है।

### पुरानी अनाज मंडी में बनेगा वाणिज्यिक केंद्र

पुरानी अनाज मंडी में 30.80 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक वाणिज्यिक स्थल विकसित किया जा रहा है। इसके 31 जुलाई तक पूरा होने की उम्मीद है। इस परिसर में भूतल पर 24 शोरूम, पहली मंजिल पर 34 दुकानें, दूसरी मंजिल पर फूड कोर्ट तथा तीसरी मंजिल पर गेमिंग जोन बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त 190 वाहनों की क्षमता वाली दोहरी बेसमेंट पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

## न्यूज डायरी

### कचरा निवारण व सौंदर्यीकरण के लिए अभियान



**नीलोखेड़ी।** नगरपालिक चेयरमैन सन्मीत कौर आहुजा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिक कि ओर से कचरा निवारण एवम शहर के सौंदर्यीकरण हेतू विशेष अभियान की शुरुआत की है जिसके लिए शहर के 11 कूड़ा युक्त स्थानों को चिन्हित किया गया है जहाँ रंगोली बना तथा सुंदर गमले सुसज्जित किये गए है ताकि शहर के लोग वहाँ कूड़ा न फैंकें तथा शहर में सफाई और सोंदर्य बड़े।सन्मीत कौर ने आमजन से अपील करते हुए शहर के हर नागरिक से अपील की जिस प्रकार हम अपने निजी निवास स्थान को साफ-सुथरा रखते हैं इसी प्रकार यह शहर भी हमारा है अतः इसे साफ रखने में हमें बढ़चढ़कर एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। शहर में नियमित कूड़ा गाड़ियाँ आमजन के सहयोग के लिए चलती हैं जनता को इनका इस्तेमाल करना चाहिए। नगरपालिक सचिव डाक्टर राहुल सैनी ने कहा कि सौंदर्यीकरण के पश्चात खुले में कूड़ा फेंका तो कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही भी की जाएगी तथा जुर्माना भी वसूला जाएगा।

### पंडित बिस्मिल के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान

**करनाल।** ममता स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट हरियाणा एवं स्वतंत्रता सेनानी स्मृति मंच, करनाल के संयुक्त तत्वावधान में मानव सेवा संघ में महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बलराम शर्मा तथा अध्यक्ष के रूप में ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप गौतम उपस्थित रहे। डॉ. बलराम शर्मा ने कहा कि पंडित रामप्रसाद बिस्मिल काकोरी कांड के महानायक और भारत माता के सच्चे सपूत थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन देश की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने बिस्मिल की प्रसिद्ध रचना /"सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है/" का उल्लेख करते हुए कहा कि इसने उस दौर के युवाओं में देशभक्ति का जोश भरने का कार्य किया। संदीप गौतम ने कहा कि युवाओं को पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर अरुण नरुखेड़ी, शमशेर कश्यप, राहुल बांसा, प्रदीप राणा, गौरव कैलाश, रजत कुमार, संजीव राणा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को सम्मानित भी किया गया।

### हेल्दी फूड, पोषण व वैक्सीन के प्रति किया जागरूक



**करनाल।** भारत विकास परिषद, श्री राधाकृष्ण शाखा, करनाल द्वारा बाल भवन में आयोजित त्रिदिवसीय बाल शिविर के दूसरे दिन विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 150 बच्चों ने भाग लिया। बाल भवन की डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड वेलफेयर ऑफिसर मंजू चौधरी और प्रोग्राम ऑफिसर सुमन शर्मा ने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के व्यक्तित्व विकास और संस्कार निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. शालिनी देवगन ने बच्चों को हेल्दी फूड एवं न्यूट्रीशन विषय पर जानकारी देते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व से अवगत कराया। वहीं निधि चावला ने एचपीवी वैक्सीन जागरूकता विषय पर बच्चों एवं अभिभावकों को टीकाकरण के लाभ बताए। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष कुश सेठी, पूनम गोयल, पायल अरोड़ा, रश्मि आर्या, हरीश ग्रोवर, मीनू सिंगला और अन्य सदस्य मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर 12 जून तक जारी रहेगा।

### चार दिवसीय धार्मिक बस यात्रा रवाना



**करनाल।** श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से गुरुवार को चार दिवसीय धार्मिक बस यात्रा का शुभारंभ श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। करनाल से सांवरिया सेठ मंदिर के दर्शन के लिए रवाना होने वाली यह पहली बस यात्रा है। समिति अध्यक्ष प्रमोद मंगला एवं श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को दिल्ली खाटू श्याम धाम, जयपुर, श्रीनाथजी मंदिर, सालासर बालाजी, श्री खाटू श्याम एवं सांवरिया सेठ मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाए जाएंगे।
प्रमोद मंगला ने बताया कि समिति पिछले कई वर्षों से निस्वार्थ भाव से धार्मिक यात्राओं का आयोजन करती आ रही है। उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्राएं लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने के साथ भारतीय संस्कृति से भी जोड़ती हैं।
इस अवसर पर रेनू मंगला, जतिन मंगला, जोगिंद्र, अमन गोयल, संजू गोयल, संजीव मित्तल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### एकादशी के अवसर पर निकाली भव्य निशान यात्रा



निशान यात्रा में सैकड़ों श्याम प्रेमी निशान उठाकर यात्रा में भाग लेते।

**तरावड़ी।** श्री श्याम सेवादार मंडल द्वारा एकादशी के पावन पर्व के अवसर पर शहर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यह निशान यात्रा लगभग 4 बजे नगर खेड़ा से प्रारंभ होकर श्री खाटू श्याम मंदिर नत्था सिंह नगर तक पहुंची। इस दौरान सैंकड़ो महिलायों व पुरूष श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर डीजे की धुन पर भजनों के द्वारा भक्ति भाव से शहर की प्रमुख सडकों व मेन बाजार, नगर पालिका रोड और करनाली गेट से होते हुए नत्था सिंह नगर श्री खाटू श्याम मंदिर में पहुंची। इस मौके पर यात्रा के सेवादार ईश्वर जांगड़ा, सुनील दुआ ने बताया कि यात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में भव्य बाबा श्याम कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें भजन संध्या के माध्यम से भक्तों को भक्ति रस में सराबोर किया जाएगा। जोकि देर रात चलेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाबी सभा के प्रधान व मार्केट कमेटी उपाध्यक्ष राजीव नारंग हाजरी भरेगें साथ ही शहर के गणमान्य लोग, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस भजन संध्या में भाग लेंगे।

### युवाओं को वीडियो एडिटिंग प्रशिक्षण के लिए मिला हब

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में ब्रिलिको इंस्टीट्यूट्स के नए प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में ग्राफिक डिजाइनिंग, एनीमेशन और फिल्म मेकिंग जैसे क्षेत्र युवाओं के लिए असीम संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं। सांसद नवीन जिन्दल द्वारा युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन के लिए किए जा रहे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर युवाओं को आधुनिक तकनीकों और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन स्किल डेवलपमेंट के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. मनीष मिश्रा ने कहा कि कौशल विकास ही विकसित भारत की आधारशिला है और ऐसे संस्थान युवाओं को न केवल रोजगार प्राप्त करने बल्कि स्वयं उद्यमी बनने के लिए भी सक्षम बनाते हैं। ब्रिलिको इंस्टीट्यूट्स के माध्यम से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के युवाओं को अब ग्राफिक डिजाइनिंग, एनीमेशन, वीडियो एडिटिंग और फिल्म मेकिंग जैसी रचनात्मक एवं उच्च मांग वाली विधाओं में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त होगा। सांसद नवीन जिन्दल का लक्ष्य क्षेत्र के युवाओं को देश और दुनिया की नई तकनीकों से जोड़ना तथा उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है।

## खबर संक्षेप

### नीट परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

**पानीपत।** जिले में होने जा रही राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज जिला सचिवालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडीसी अंकित चौकसे ने की। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ परीक्षा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा जिले में बनाए गए सभी सात परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एडीसी अंकित चौकसे ने अधिकारियों से प्रत्येक परीक्षा केंद्र की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने टॉयलेट, पेयजल, बेंच, घड़ी, बाथरूम तथा साफ-सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए सभी कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। इस अवसर पर एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, नगराधीश टीनू पोसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों में नहीं रहेगी धन की कमी, हर वार्ड में मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं : महीपाल ढांडा

# डेयरी क्षेत्र में आठ करोड़ के विकास कार्य शुरू, दस करोड़ की लागत से बनेगा राष्ट्रीय स्तर का स्विमिंग पूल

सेक्टर-6 की गलियां बनेंगी मॉडल, साइकिल ट्रैक सहित विकसित होगा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर



पानीपत। वार्ड 21 में विकास कार्यों का शिलान्यास करते मंत्री महीपाल ढांडा।



पानीपत। वार्ड 21 में विकास कार्यों का शिलान्यास करते मंत्री महीपाल ढांडा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रदेश सरकार का उद्देश्य केवल विकास योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें तय समय सीमा में धरातल पर उतारना है। पानीपत के प्रत्येक वार्ड में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराकर शहर को विकास की नई पहचान दी जाएगी। जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है और विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। यह बात हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने विभिन्न विकास परियोजनाओं के शुभारंभ अवसर पर कही। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने आज पानीपत के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने वार्ड नंबर-21 स्थित डेयरी एरिया में लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों की शुरुआत की। इस परियोजना के तहत क्षेत्र में सडक़ें, गलियां, नालियां, सीवर व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटें तथा कम्युनिटी हॉल का निर्माण कराया जाएगा। इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही बुनियादी सुविधाओं की समस्याओं से राहत मिलेगी। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने वार्ड नंबर-21 के लिए एक और बड़ी सौगात की घोषणा करते हुए कहा कि क्षेत्र में जल्द ही राष्ट्रीय स्तर का आधुनिक स्विमिंग पूल बनाया जाएगा। लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट की नगर निगम स्तर की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि आगामी एक माह के भीतर इसका टेंडर जारी कर दिया जाएगा, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। यह स्विमिंग पूल खिलाडिय़ों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही सरकार

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं वार्ड नंबर-26 में सेक्टर-6 की सभी गलियों को मॉडल तर्ज पर विकसित करने की घोषणा की गई। इस परियोजना के तहत गलियों का आधुनिक तरीके से निर्माण किया जाएगा तथा क्षेत्र में साइकिल ट्रैक भी बनाया जाएगा। इससे क्षेत्र का सौंदर्यीकरण होने के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। वार्ड नंबर-21 में पहुंचने पर पार्षद संजीव दहिया ने क्षेत्रवासियों के साथ शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का जोरदार स्वागत किया। वहीं वार्ड नंबर-26 में पार्षद कुसुम भट्ट तथा वार्ड नंबर-14 में पार्षद बिट्टू प्रजापत ने अपने समर्थकों एवं क्षेत्रवासियों के साथ शिक्षा मंत्री का अभिनंदन किया। सभी कार्यक्रमों में पानीपत की मेयर कोमल सैनी तथा नगर निगम आयुक्त पंकज यादव शिक्षा मंत्री के साथ मौजूद रहे।

### ट्रांसपोर्ट नगर में 9 करोड़ की लागत से 8 एकड़ में बनेगी पार्किंग

**पानीपत।** सेक्टर 25 पार्ट 2 में स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में लगभग 8 एकड़ जमीन पर अत्याधुनिक ट्रक पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। जिस पर लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह पार्किंगं दो स्लॉट में बनाई जाएगी। पहला पार्किंग स्लॉट 5.5 एकड़ और दूसरा पार्किंग स्लॉट लगभग तीन एकड़ का होगा। इस पार्किंग स्लॉट में 185 बड़े ट्रक खड़े हो सकेंगे तथा पार्किंग परिसर में ही लगभग 30 बुकिंग एजेंसी को भी दुकानें आवंटित की जाएंगी। पार्किंग परिसर में कुल 30 दुकानों का निर्माण भी किया जाएगा। इस पार्किंग के बन जाने से ट्रक चालकों को जहाँ नहाने हेतु स्नानघर, शौचालय, रसोईघर जैसी सुविधाएं पार्किंग परिसर में मिलेंगी। पार्किंग परिसर में बिजली एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी होगी। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा एवं विधायक प्रमोद विज के प्रयासों से बन रही इस पार्किंग का लाभ शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मिलेगा।



पानीपत। ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग का शिलान्यास करते मंत्री महीपाल ढांडा, विधायक प्रमोद विज व मेयर कोमल सैनी। फोटो : हरिभूमि

## नवादा से पुलिस ने रेत से भरे चार ओवरलोड डंपरों को कब्जे में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बापौली

रेत से भरे चार ओवरलोड डंपरों को नवादा आर गांव के ग्रामीणों ने रोक कर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर सनौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चारों ओवरलोड डंपरों को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई के लिए थाने में ले गई। ग्रामीणों का आरोप है कि रेत से भरे ओवरलोड डंपर तेज गति से आते हैं जिनमें अधिकांश डंपर बिना नंबर प्लेट के होते हैं। कई बार तो छोटे बच्चे खेलते हुए इनकी चपेट में आ जाते हैं। इसके अलावा बुजुर्गों सहित महिलाएं भी खेतों में जाते समय सडक़ पार करते समय हादसा होने होने से बचते हैं। डंपर चालकों को कई बार समझा भी चुके हैं लेकिन वह नशे मे धुत होने के कारण अपनी हरकतों से बाज नहीं आते। ग्रामीणों का कहना है कि पत्थरगढ़ गांव के सामने यमुना नदी के अंदर अवैध रूप से रेत का खनन जोरो पर चल रहा है। जिससे बाढ़ का खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। प्रशासन को कई बार शिकायत दे चुके हैं पर इसे नदरंदाज किया जाता है। वहीं सनौली थाना प्रभारी अजय कुमार ने डंपरों को जब्त कर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।



बापौली। पुलिस ने कब्जे में लिए डंपर।

## संवेदनशीलता, जवाबदेही और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अधिकारी करें कार्य : एडीसी अंकित चौकसे

- जन शिकायतों का समाधान करना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में जनता समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एडीसी अंकित चौकसे ने की। उन्होंने शिविर में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए। एडीसी अंकित चौकसे ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मंशा है कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवाएं एवं समाधान उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि जनता समाधान शिविर प्रशासन और आमजन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम हैं, जिनके जरिए लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई करना पुलिस विभाग की प्राथमिकता है।



पानीपत। जनता समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### अवैध कॉलोनियों पर चलेगा बुलडोजर

**पानीपत।** जिले में अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। जिला सचिवालय सभागार में आज आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में चिन्हित अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में अवैध कॉलोनियों, अनधिकृत निर्माणों तथा बिना स्वीकृति विकसित की जा रही परियोजनाओं की समीक्षा की गई। एडीसी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों की सूचना प्राप्त हुई है, वहां सबसे पहले नोटिस चस्पा किए जाएं और उसके बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए।



पानीपत। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि ।

### निहाल गार्डन में 14 को लगेगा कांग्रेस का बीएलओ टू ट्रेनिंग कैंप : बलबीर वाल्मीकि

**इसराना।** सरकार व चुनाव आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर का कार्य जारी है। इसी प्रक्रिया के तहत आज कांग्रेस से पूर्व विधायक एवं बीएलओ वन बलबीर सिंह वाल्मीकि ने इसराना की नई अनाज मंडी कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत 14 जून को निहाल गार्डन इसराना में कांग्रेस बीएलओ टू का ट्रेनिंग कैंप लगाया जाएगा। कैंप के दौरान विधानसभा से कांग्रेस का बीएलओ पार्टी की तरफ से बीएलओ टू को एसआईआर प्रक्रिया के बारे में बताएगा। बीएलओ टू को नई वोट कैसे बनवानी है, किसी की मौत होने पर कैसे वोट हटवानी है। किसी लडक़ी की शादी होने पर वोट हटवाना व लडक़े की शादी होने पर वधू की वोट बनवाने के बारे में समझाया जाएगा। किसी वोट पर कैसे एतराज करे इस बारे में भी बताया जाएगा। इस दौरान जिला पार्षद जगबीर सिंह, पूर्व सरपंच अशोक जागलान, सुरेन्द्र कुंडू, महेंद्र रोड़, अरुण वाल्मीकि व अनिल सैनी शामिल रहे।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय : डॉ. गुप्ता

- संगठन शक्ति भारत को आत्मनिर्भर, वैभवशाली और विकसित राष्ट्र बनाने की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता ने आज पानीपत के सेक्टर.24 में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात कर संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान विभिन्न जिलों से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिलने पर शुभकामनाएं दीं, जबकि डा.अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के उत्साह और समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक ताकत है और कार्यकर्ताओं के समर्पण, परिश्रम तथा जनसेवा के कारण ही भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। मजबूत संगठन, सक्रिय कार्यकर्ता और जनता का विश्वास ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने संगठन को और सशक्त बनाने तथा जनसंपर्क अभियानों को नई गति देने का आह्वान किया। डा.अर्चना गुप्ता ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दौरान सुशासन, विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं से युवाओं को नए अवसर मिले हैं।



पानीपत। डा.अर्चना गुप्ता का स्वागत करते कार्यकर्ता ।

### आर्य कॉलेज में अंतरराट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया

# योग शिक्षा से होगा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा योग आयोग एवं उच्चतर शिक्षा विभागए हरियाणा के सहयोग एवं प्रायोजन तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस.2026 के उपलक्ष्य में आर्य पीण्जीण कॉलेजए पानीपत के योग क्लब द्वारा दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ;आईण्डीण्वाईद्ध कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियोंए शिक्षकों एवं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। कार्यक्रम में आयुष विभाग से योग सहायक अमित मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेद्य अपने अध्यक्षीय संबोधन में कॉलेज के प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के समग्र विकास पर बल देती है तथा योग शिक्षा इस उद्देश्य को प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता हैए बल्कि मानसिक संतुलनए आत्म.अनुशासन एवं सकारात्मक जीवन दृष्टि विकसित करने में भी सहायक है। उन्होंने विद्यार्थियों से योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त कल 12 जून 2026 को उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस.2026 के उपलक्ष्य में आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत के योग क्लब द्वारा आईडीवाई कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति.2020 में योग शिक्षा की भूमिका विषयक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मुख्य वक्ता अमित योग सहायक, आयुष विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कॉमन योग प्रोटोकॉल के विभिन्न चरणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का प्रदर्शन करते हुए इनके स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकगण, योग क्लब के सदस्य, एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पौधरोपण किया गया।



पानीपत। आर्य कालेज में योग करते विद्यार्थी । फोटो : हरिभूमि



पानीपत। योगा सिखाने वाले शिक्षक विद्यार्थियों के साथ । फोटो : हरिभूमि

### दर्जनों किसानों की बिजली की तार चोरी

**इसराना।** जिले में मतलौड़ा थाना क्षेत्र के कुराना गांव में एक ही रात में 19 ट्यूबवेल से सबमर्सिबल मोटर की तार चोरी हो गईं। चोरों ने खेतों में लगे ट्यूबवेल से कीमती तार काट लीं। इस घटना से किसानों में हडक़ंप मच गया है। यह मामला तब सामने आया जब एक किसान अपने खेत में पहुंचा और उसने देखा कि उसके ट्यूबवेल की लगभग 10 मीटर तार कटी हुई है। उसने आसपास के अन्य किसानों से संपर्क कियाए तो पता चला कि कुल 19 ट्यूबवेल से तारें चोरी हुई हैं। कुराना गांव निवासी बलवान सिंह ने उरलाना कला चौकी में इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बलवान सिंह ने बताया कि उनका खेत जवाहरा रोड पर है। 4 मई की सुबह जब वह खेत गए तो उन्हें अपने ट्यूबवेल की 20 मीटर डोरी कटी हुई मिली।जिले में मतलौड़ा थाना क्षेत्र के कुराना गांव में एक ही रात में 19 ट्यूबवेल से सबमर्सिबल मोटर की तार चोरी हो गईं।

## न्यूज डायरी



### परमा एकादशी पर लगाई मीठे पानी की छबील

**पानीपत।** सालारगंज बाजार एसोसिएशन की ओर से पुरूषोत्तम मास पर्व पर ठण्डी मीठी पानी की छबील लगाई। सेवा के इस कार्यक्रम में बाजार के प्रधान कीमत लाल कपूर सहित सभी दुकानदारों ने आने जाने वाले राहगीरों को श्रद्धा भाव के साथ ठण्डी मीठा पानी शरबत पिलाया। उन्होंने कहा कि पुरूषोत्तम मास में किया गया धर्म, कर्म, दान व सेवा हजारों गुणा फलदायी होता है। सेवा के इस कार्यक्रम में रवि भास्कर, चन्द्रभान वर्मा, विपिन ढींगड़ा, राजकुमार भोला, विशाल चावला, शीतल ढींगड़ा, भावुक मदान, पंकज भोला, तिलक चुघ, राजू ढींगड़ा ने अपनी सेवायें प्रदान की।



### प्रियांशु ने राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग में जीता सिल्वर

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निजामपुर की कक्षा 10वीं की छात्रा प्रियांशु ने गांधीनगर गुजरात में आयोजित 4वीं नेशनल आर्म रेसलिंग एवं पारा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2026 में 45 किलोग्राम वर्ग लेफ्ट हैंड में सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय, जिला पानीपत और हरियाणा का नाम रोशन किया। प्रियांशु ने अपनी सफलता का श्रेय कोच रवि निजामपुर, अभिभावकों और शिक्षकों को दिया। कोच रवि ने बताया कि प्रियांशु मेहनती और अनुशासित खिलाड़ी है। उन्होंने बताया कि उनकी अकादमी में करीब 25 जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यालय स्टाफ ने प्रियांशु के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



### स्व.राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**पानीपत।** गांव छाजपुर खुर्द में आज जिला महासचिव ओबीसी कांग्रेस कमेटी एवं जिला अध्यक्ष स्व.राजेश पायलट किसान संगठन हरियाणा मोनू रावल के नेतृत्व में देश के पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ किसान नेता स्व.राजेश पायलट की 26वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्व.राजेश पायलट के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मोनू रावल ने कहा कि स्व.राजेश पायलट ने अपने राजनीतिक जीवन में किसानों, मजदूरों और आमजन के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया।



### पुरुषोत्तम मास के महत्व पर कथा में डाला प्रकाश

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर सभा मॉडल टाउन में चल रही पुरुषोत्तम मास कथा के 26वें दिन कथा वाचक पंडित बृजकिशोर शास्त्री ने पुरुषोत्तम मास के महत्व का वर्णन किया। उन्होंने ऋषि दुर्वासा और एक कन्या की कथा सुनाते हुए बताया कि पुरुषोत्तम मास का तिरस्कार करने के कारण कन्या को अगले जन्म में द्रौपदी बनकर पांच पांडवों की पत्नी बनने का वरदान मिला। मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी ने कहा कि पुरुषोत्तम मास में कथा श्रवण और भगवान का संकीर्तन जीवन के सभी कष्टों का निवारण करता है।

### साम्थर्य अनुसार दान करना जरूरी : लालमणि पांडेय



**पानीपत।** ऐतिहासिक देवी मंदिर में स्व. इंद्रसेन बंसल एवं स्व. शांति देवी बंसल के आशीर्वाद से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के आज चतुर्थ दिन कथा व्यास आचार्य लालमणि पांडेय ने कथा करते हुए कहा कि राजा बलि ने भगवान को सर्वस्व समपर्ण कर दिया। जिसके बाद से राजा बलि का नाम दानियों में बड़े ही आदर के साथ लिए जाने लगा। धर्म में कहा भी गया है कि सभी को दान अवश्य करना चाहिए हालांकि अपने साम्थर्य के अनुसार।

**खबर संक्षेप**

### शिविर में नगराधीश ने सुनी जनसमस्याएं

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याओं को सुनने का काम किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में पंहुचे प्रत्येक प्रार्थियों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गर्ग ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समाधान शिविर शुरू किए गए है। सभी अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान करें।

### स्वयंसेवक लगाने को लेकर डीसी ने दिए निर्देश

**अंबाला।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान के तहत कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश अभिषेक गर्ग की अध्यक्षता में मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों की सहायता के लिए स्वयंसेवक लगाने को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेनु ऋषि, जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी, अनुराग लेखाकार, कार्यालय नेहरू युवा केंद्र, ईशान कौशिक जिला प्रशिक्षण अधिकारी, कार्यालय जिला रेडक्रॉस सोसायटी मौजूद रहे।

### एयरटेल ने 2900 नई 5जी साइट्स की तैनात

**अंबाला।** अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल ने आज घोषणा की कि उसने पिछले 12 महीनों में भारत के अपर नॉर्थ क्षेत्र में 2,900 से अधिक नए 5जी साइट्स तैनात किए हैं। इस विस्तार से ग्राहकों को तेज गति, व्यापक कवरेज और बेहतर नेटवर्क अनुभव मिलेगा। यह विस्तार 77 जिलों में फैला है। अब 2.86 करोड़ से अधिक ग्राहकों को विश्वसनीय हाई-स्पीड कनेक्टिविटी मिल रही है। इसमें व्यस्त महानगर, तेजी से विकसित हो रहे शहर और दूरदराज के गांव भी शामिल हैं।

### एसआईआर पर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**शहजादपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की तैयारियां पूर्ण होने के उपरांत 03-नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम नारायणगढ़ शिवजीत भारती तथा सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं बीडीपीओ जोगेश कुमार ने बीएलओ को एसआईआर अभियान से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश एवं विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए अभियान से संबंधित नियमों पर प्रकाश डाला।

बेरोजगार युवाओं को फर्जी ट्रेनिंग और मेडिकल करवाता था आरोपी

# जाली नियुक्ति पत्र बांटकर 60 लाख की ठगी करने वाले गिरोह का सरगना काबू

आरोपियों ने करीब 40 युवाओं से ठगे करोड़ों रुपये, विश्वास जीतने के लिए खुद देते थे 3 महीने की सैलरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को बड़ी सफलता हासिल मिली है। पुलिस ने सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बिहार के जिला सिवान निवासी प्रभात राज के रूप में हुई है। आरोपी को पुलिस ने पांच दिन के रिमांड पर लिया है।इस मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पहले पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 17 विभिन्न सरकारी विभागों की जाली मोहरें बरामद की थीं। इनमें भारतीय खाद्य निगम, गृह मंत्रालय, टैक्सेशन विभाग, एक्साइज विभाग और रेलवे आदि शामिल हैं। इसके अलावा आरोपियों से रेलवे और राज्यसभा से संबंधित 8 जाली नियुक्ति पत्र, 7 जाली प्लेटिनम कार्ड, 2 लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन और फर्जी सिम कार्ड बरामद किए गए थे।पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा देकर अपने जाल में फंसाता था। आरोपी सोशल मीडिया, मोबाइल कॉल और विभिन्न माध्यमों से युवाओं से संपर्क कर उनसे लाखों रुपये वसूलते थे। इसके बाद उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र, पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज देकर गुमराह किया जाता था। आर्थिक अपराध शाखा अब गिरोह के अन्य सदस्यों, बैंक खातों और ठगी से अर्जित संपत्ति की जांच कर रही है। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क का विस्तार कई राज्यों तक फैला हुआ है तथा इससे जुड़े और भी खुलासे हो सकते हैं।



अंबाला। पुलिस के हत्थे चढ़ा मुख्य आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### फर्जी ट्रेनिंग करवाकर जीतते थे भरोसा

पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी प्रभात राज गिरोह का मुख्य मोहरा था। वह जाल में फंसाए गए बेरोजगार युवाओं को फर्जी मेडिकल प्रक्रिया और झूठी ट्रेनिंग दिलवाने का काम करता था ताकि युवाओं को पूरी प्रक्रिया असली लगे। यह गिरोह इतना शातिर था कि युवाओं को फर्जी जॉइनिंग लेटर देने के बाद उन्हें किसी भी जगह 2 से 3 महीने के लिए काम पर लगा देता था। इस दौरान पकड़े जाने के डर से आरोपी अपने पास से ही उन्हें सैलरी (वेतन) भी देते थे जिससे युवाओं का शक दूर हो जाता था। इस तरह इस गिरोह ने करीब 40 बेरोजगार युवाओं को अपना शिकार बनाकर करोड़ों रुपये ठगे हैं।

### दूसरों के नाम जारी सिम कार्ड करते थे इस्तेमाल

हाईप्रोफाइल ठगी मामले का पर्दाफाश करने में आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक परमवीर सिंह के नेतृत्व में जांच टीम ने अहम भूमिका निभाई। टीम ने तकनीकी संसाधनों और अपने मजबूत सूचना तंत्र की मदद से आरोपी को दबोचा। जांच टीम की मानें तो पीड़ित युवकों को आरोपियों की गिरफ्तारी से राहत मिलने की पूरी उम्मीद है। हालांकि अभी तक पुलिस आरोपियों से ठगी की रकम जब्त नहीं कर पाई है। ऐसे में पीड़ित युवकों को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई नहीं हो पाएगी। इस मामले के संबंध में गांव बब्याल के सोहन लाल व अन्य पीड़ितों ने 21 अप्रैल 2025 को थाना महेश नगर में मुख्य आरोपी योगेश शर्मा व अन्यों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोपियों ने सरकारी विभागों में नौकरी का झांसा देकर इन लोगों से करीब 60 लाख रुपये ठगे थे।आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक परमवीर सिंह ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## कलाल माजरा व अंबली में अवैध कनेक्शनों पर प्रहार



शहजादपुर। अवैध कनेक्शन काटते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

गांव कलाल माजरा व अंबली में पेयजल को बचाने व सभी उपभोक्ताओं को पर्याप्त एवं सुचारु जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा विशेष जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान कार्यकारी अभियंता अनिल चौहान के निर्देशानुसार उपमंडल अभियंता अंकुश सहगल की देखरेख में संचालित किया गया। अभियान के दौरान कनिष्ठ अभियंता नरसी रंगा एवं विभागीय कर्मचारियों की टीम ने गांव के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर पेयजल कनेक्शनों की जांच की। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर पेयजल के दुरुपयोग एवं नियमों के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों की पहचान की गई। संबंधित उपभोक्ताओं को मौके पर ही चेतावनी देते हुए नोटिस जारी किए गए। उपमंडल अभियंता अंकुश सहगल ने बताया कि विभाग का उद्देश्य प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाना है। कुछ उपभोक्ताओं द्वारा पेयजल का उपयोग गैर-घरेलू कार्यों, सिंचाई एवं अन्य अनधिकृत गतिविधियों में किए जाने से जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित होती है तथा अंतिम छोर पर रहने वाले उपभोक्ताओं को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। कार्यकारी अभियंता अनिल चौहान ने कहा कि विभाग द्वारा अवैध कनेक्शनों एवं पेयजल के दुरुपयोग के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। यदि किसी उपभोक्ता द्वारा विभागीय निर्देशों की अवहेलना की जाती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कनेक्शन विच्छेद करने सहित अन्य दंडात्मक कदम भी उठाए जाएंगे।

### टाइपिस्ट एसोसिएशन ने लगाई ठंडे पानी की छबील

**कुरुक्षेत्र।** शहर के कोर्ट कॉम्प्लेक्स में आज भीषण गर्मी के बीच लोगों को राहत देने के लिए टाइपिस्ट एसोसिएशन द्वारा ठंडे पानी की छबील लगाई गई। एसोसिएशन के सदस्यों और अधिवक्ताओं ने इस सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कोर्ट आने वाले आगंतुकों को ठंडा और मीठा पानी पिलाया। यह सराहनीय पहल दोपहर के समय शुरू हुई, जब गर्मी अपने चरम पर थी। कोर्ट परिसर में काम के लिए आए सैकड़ों लोगों, ने इस छबील का लाभ उठाया। लोगों ने इस पहल की सराहना की, जिसने उन्हें चिलचिलाती धूप में बहुत आवश्यक राहत प्रदान की। टाइपिस्ट एसोसिएशन के प्रवक्ता कुलभूषण सैनी ने बताया, इस तीव्र गर्मी को देखते हुए, हमने कोर्ट परिसर में आने वाले सभी लोगों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था करने का निर्णय लिया।

## साहा चौक पर जलभराव को लेकर कारोबारी परेशान

- बारिश के दिनों में चौक पर घुटनों तक भर जाता है पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

मानसून आने में कुछ समय शेष है मगर इससे पहले ही साहा के निवासियों को जलभराव की चिंता सताने लगी है। हर साल साहा चौक पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। हल्की बारिश में ही पूरा चौक पानी से भर जाता है, जिससे स्थानीय लोगों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय दुकानदारों और निवासियों के अनुसार, साहा चौक एक प्रमुख जंक्शन है। यहां से प्रतिदिन हजारों वाहन और पैदल यात्री गुजरते हैं। बारिश के दिनों में सड़क पर घुटनों तक पानी भर जाता है। इससे वाहन चालकों और पैदल यात्रियों का निकलना दूभर हो जाता है। कई दोपहिया वाहन चालक इस गंदे पानी में गिरकर चोटिल हो चुके हैं। व्यापारियों का कहना है कि दुकानों के आगे पानी भरा रहने से ग्राहक नहीं आते। इससे उनका कारोबार चौपट हो रहा है। लोक निर्माण विभाग की अनदेखी से आक्रोशसाहा चौक से गुजरने वाला यह मार्ग लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी में आता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जनता में विभाग की इस अनदेखी के प्रति गहरा आक्रोश है।

### वाल्मीकि आश्रम में पूर्व सरपंच मनजीत ने दी रजाई व गद्दों की सेवा

**मुलाना।** भगवान वाल्मीकि आश्रम सिरसगढ़ में समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए गांव लंडा के पूर्व सरपंच मनजीत सिंह ने आश्रम के लिए 22 रजाइयों और 10 गद्दों की सेवा भेंट की। मनजीत सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना और धार्मिक संस्थाओं के कार्यों में सहयोग देना समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने भविष्य में भी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सहयोग जारी रखने की बात कही। इस मौके पर संस्था के प्रधान सलिंद्र झाडूमाजरा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मनजीत सिंह द्वारा दी गई सेवा के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से आश्रम की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

## भीषण गर्मी में लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील, राहगीरों को मिली राहत

- हजारों राहगीरों व स्थानीय लोगों ने किया ठंडे पानी का सेवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से गांव धीन स्थित नेशनल हाईवे-344 पर सैनी सभा हल्का मुलाना की ओर से ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। सामाजिक सेवा और जनकल्याण की भावना से आयोजित इस छबील में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया तथा राहगीरों को ठंडा मीठा जल वितरित किया गया।छबील का आयोजन सैनी सभा हल्का मुलाना की कार्यकारिणी के वरिष्ठ युवा सदस्य प्रिंस सैनी धीन की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभा के महासचिव सोमनाथ धीन तथा पूर्व महासचिव हेमराज पौंटी ने किया। सुबह 10:30 बजे शुरू हुई छबील दोपहर 2 बजे तक चली, जिसमें हजारों की संख्या में राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों ने ठंडे मीठे पानी का सेवन कर गर्मी से राहत प्राप्त की। इस अवसर पर सैनी सभा हल्का मुलाना के प्रधान केएल सैनी ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में इस प्रकार के सेवा कार्य मानवता की सच्ची मिसाल हैं। उन्होंने युवाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सेवा और परोपकार की भावना को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।




बराड़ा। छबील लगाते हुए सैनी सभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### देय भत्तों व समय पर भुगतान न होने पर 16 को रोडवेज कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन

- परिवहन मंत्री के नाम मंडल आयुक्त को सौंपेंगे ज्ञापन

**अंबाला।** रोडवेज में चालक, परिचालक, मैकेनिक, हेल्परों की कमी, कर्मचारियों के देय भत्तों का समय पर भुगतान न होने के विरोध में रोडवेज कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे। यह प्रदर्शन में 16 जून को किया जाएगा। जिसमें परिवहन मंत्री के नाम मंडल आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसे लेकर शहर के रोडवेज वर्कशॉप में वीरवार को हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा की ओर से बैठक आयोजित हुई। बैठक में 16 जून के प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई गई। सांझा मोर्चा के नेता जयबीर घणघस, मयाराम उनियाल, अनिल सैनी, आनंद कुण्डू, राजेश फौजी, जनक और मनप्रीत ने संयुक्त रूप से बताया कि रोडवेज विभाग में चालक, परिचालक, मैकेनिक, हेल्पर और सफाई कर्मचारियों के सैकड़ों पद खाली पड़े हैं। स्टाफ की इस कमी के कारण बसों के संचालन में बाधा आ रही है और आम जनता को सरकारी परिवहन सेवा से वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि परिवहन मंत्री द्वारा कर्मचारियों को वेतन व भत्ते समय पर देने के आदेश जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद डिपो के महाप्रबंधक कभी बजट की कमी तो कभी बजट पर कैप लगने का बहाना बनाकर भुगतान रोक रहे हैं। 16 जून अंबाला मंडल आयुक्त कार्यालय , 24 जून गुरुग्राम, 2 जुलाई रोहतक, 9 जुलाई करनाल, 16 जुलाई फरीदाबाद, 25 जुलाई को परिवहन मंत्री के आवास पर विशाल प्रदर्शन करते हुए न्याय मार्च निकाला जाएगा।

## संतुलित दिनचर्या व जागरूक जीवनशैली ही स्वस्थ रहने का मूलमंत्रः डॉ. ऋषिराज

- पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर साझा किए व्यावहारिक सूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

स्वास्थ्य केवल बीमारियों से दूर रहना नहीं, बल्कि एक संतुलित दिनचर्या और जागरूक जीवनशैली का नाम है। श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे आचार्य विकास एवं पुनश्चर्य वर्ग को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ ऋषिराज वशिष्ठ ने मानव जीवन में अष्टांग योग, सही आहार-विहार और शिक्षण कला के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। सत्र के दौरान उन्होंने पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और आधुनिक जीवनशैली के बीच संतुलन बनाने के कई व्यावहारिक सूत्र साझा किए। ऋषिराज वशिष्ठ ने सत्र की शुरूआत करते हुए कहा कि किसी भी चिकित्सा पद्धति के दो मुख्य उद्देश्य होने चाहिए। पहला स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना, और दूसरा— बीमार व्यक्ति का सही उपचार करना। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारा संपूर्ण स्वास्थ्य हमारे 'आहार और विहार' पर निर्भर करता है।



कुरुक्षेत्र। कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### एडवांस्ड ब्रेस्ट कैंसर और गंभीर कार्डियक कंडीशन से 59 वर्षीय पीड़ित महिला को मिली नई जिंदगी

**अंबाला।** एडवांस्ड ब्रेस्ट कैंसर, जो फेफड़ों तक फैल चुका था और गंभीर कार्डियक कंडीशन से पीड़ित 59 साल की महिला को लिवासा हॉस्पिटल, अमृतसर में सफल इलाज के बाद नई जिंदगी मिली।महिला के बाएं ब्रेस्ट में एक गांठ थी। विस्तृत जांच से पता चला कि उसे HER2-पॉजिटिव, हार्मोन रिसेप्टर-नेगेटिव ब्रेस्ट कैंसर था, जो फेफड़ों तक फैल चुका था। उसे पहले से कोरोनरी आर्टरी डिजीज भी थी और उसकी कोरोनरी स्टेंटिंग भी हो चुकी थी।यह मामला इलाज के लिहाज़ से एक बड़ी चुनौती थी क्योंकि उनके बाएं वेंट्रिकुलर इंजेक्शन फ्रैक्शन का स्तर केवल 18 प्रतिशत था। इससे स्टैंडर्ड एंटी- HER2 टारगेटेड थेरेपी से जुड़े जोखिम काफी बढ़ गए थे, क्योंकि ये थेरेपी दिल की कार्यक्षमता को और खराब कर सकती हैं। मेडिकल ऑन्कोलॉजी कंसल्टेंट डॉ अमृतजोत सिंह रंधावा की देखरेख में एक खास तौर पर तैयार की गई इलाज की रणनीति बनाई। डॉ रंधावा ने कहा कि मरीज़ की दिल की कमज़ोर हालत को देखते हुए, हमने नैनोपार्टिकल पैक्लिटैक्सेल कीमोथेरेपी के साथ-साथ गहन कार्डियक मॉनिटरिंग और बेहतर सपोर्टिव केयर का विकल्प चुना। मरीज़ ने कीमोथेरेपी के चार चक्र सफलतापूर्वक पूरे किए और इलाज का बहुत अच्छा असर दिखा। बाद में की गई पीईटी-सीटी जांच से पता चला कि मेटाबोलिक रूप से बीमारी पूरी तरह ठीक हो गई है।



### प्रत्येक शिक्षक अपने कार्य और दायित्व को समयबद्ध तरीके से करें सुनिश्चित : दहिया

**अंबाला।** स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय दहिया ने वीरवार को शिक्षा सदन कार्यालय में प्रधानाचार्यों व अन्य स्टाफ की एक बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त अजय सिंह तोमर, अतिरिक्त उपायुक्त विराट, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रधान सचिव विजय दहिया ने प्रधानाचार्यों के साथ-साथ अन्य स्टाफ के सदस्यों को कहा कि उनका शिक्षा के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यों में अहम योगदान होता है। शिक्षकों व अन्य को जो भी समय-समय पर कार्य एवं दायित्व सौंपा जाता है उस कार्य को वे बखूबी तरीके से करना सुनिश्चित करें। जनगणना के कार्य में भी शिक्षकों द्वारा जो कार्य किए जा रहे हैं वह काफी सराहनीय है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने नारायणगढ़ व पतरेहड़ी के पीएम श्री विद्यालयों का किया निरीक्षण

# राजकीय स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए हर घर जाएं शिक्षक

स्टाफ, विद्यार्थियों की संख्या, परीक्षा परिणाम, स्वच्छता व्यवस्था व मिड-डे मील का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

हरियाणा के स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया ने वीरवार को उपमंडल के पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नारायणगढ़ तथा शहीद नायक नरेश कुमार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पतरेहड़ी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में उपलब्ध शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं, स्टाफ, विद्यार्थियों की संख्या, परीक्षा परिणाम, स्वच्छता व्यवस्था, मिड-डे मील, खेल मैदान, कंप्यूटर लैब, अटल टिंकरिंग लैब तथा विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। स्कूल में पहुंचने पर एसडीएम शिवजीत भारती ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर एसडीएम शिवजीत भारती, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति सभ्रवाल, खंड शिक्षा अधिकारी सुदेश बिंदल, खंड शिक्षा अधिकारी शहजादपुर सुरेंद्र सिंह तथा संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे। प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में राजकीय विद्यालयों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर शिविर लगाए जाएं तथा अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बारे में जानकारी दी जाए, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इन विद्यालयों में प्रवेश लें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा के क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और सरकारी विद्यालयों में आधुनिक संसाधनों एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण के निर्माण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का निरीक्षण करने का उद्देश्य धरातल पर जाकर वास्तविक स्थिति का आकलन करना तथा विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण जारी रहेंगे। पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नारायणगढ़ में प्राचार्या कांता देवी ने प्रधान सचिव को विद्यालय की उपलब्धियों और व्यवस्थाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विद्यालय सीबीएसई से मान्यता प्राप्त है तथा इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। विद्यालय में आट्र्स, साइंस और कॉमर्स तीनों संकाय संचालित हैं तथा स्मार्ट बोर्ड भी स्थापित हैं, जिनका नियमित रूप से शिक्षण कार्य में उपयोग किया जा रहा है।



अंबाला। शिक्षा अधिकारियों से बातचीत करते विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया।